# प्रसार भारती

## भारतीय प्रसारण निगम

## आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 09.08.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि सरकार प्रदेश को आधुनिक शिक्षा और कुशल मानव संसाधन का केन्द्र बनाने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री आज शिमला स्थित अपने आधिकारिक आवास में प्रदेश विश्वविद्यालय के शोधार्थियों और नादौन के विद्यार्थियों के साथ संवाद के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकारी शिक्षण संस्थान राज्य की शैक्षणिक प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, ऐसे में इनकी गुणवत्ता में सुधार और आधुनिक आधारभूत अधोसंरचना के निर्माण पर विशेष बल दिया जा रहा है। इस दौरान विद्यार्थियों के भविष्य, शिक्षा और नादौन क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

**अग्निहोत्री**

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि कांगड़ा ज़िला की महत्वाकांक्षी फिना सिंह बहुउद्देशीय सिंचाई परियोजना जल्द पूरी की जाएगी। धर्मशाला में आज एक समारोह में उन्होंने कहा कि परियोजना को पूरा करने के लिए केन्द्र सरकार ने करीब 60 करोड़ रूपए की राशि जारी की है। इससे निर्माण कार्य में तेज़ी आएगी और परियोजना को जल्द पूरा करने में मदद मिलेगी। अग्निहोत्री ने बताया कि फिना सिंह परियोजना पर राज्य सरकार अपने संसाधनों से अब तक करीब 3 सौ करोड़ रूपए खर्च कर चुकी है। कांगड़ा में बन रहे हवाई अड्डे को लेकर उन्होंने कहा कि इसके बनने से क्षेत्र में पर्यटन को नई दिशा मिलेगी।

**राज्यपाल**

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने शिक्षण संस्थानों, पंचायती राज संस्थाओं, शहरी स्थानीय निकायों, उद्योगों और स्वयं सेवी संगठनों से पर्यावरण संरक्षण को अपनी सामाजिक ज़िम्मेदारी का अभिन्न हिस्सा बनाने का आग्रह किया है। सोलन ज़िला के समलेच में आज पौधरोपण अभियान के शुभारम्भ पर उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा और पारिस्थितिकी क्षति को न्यूनतम करने के लिए सामूहिक प्रयास अत्यंत आवश्यक है। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "एक पेड़ मां के नाम" अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि इस अभियान ने पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का रूप दिया है। उन्होंने अभियान के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित भी किया।

**एन.टी.ए.**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आज राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एन.टी.ए. संबंधी मामलों को लेकर शिक्षा मंत्रालय के सचिव और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने संस्थागत–व्यवस्था

को मजबूत करने, प्रक्रिया सुचारू बनाने और विद्यार्थियों के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार–विमर्श किया। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार का मुख्य ध्यान मजबूत, पारदर्शी और विश्वसनीय परीक्षा व्यवस्था बनाने पर है ताकि प्रत्येक विद्यार्थी की आकांक्षा पूरी हो सके।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा है कि राज्य सरकार के अव्यवहारिक और मनमाने फेसलों से हर वर्ग बुरी तरह प्रभावित हुआ है। एक बयान में उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा और बागवानी क्षेत्र वर्तमान सरकार की प्रशासनिक विफलता और लापरवाही के कारण संकट के दौर से गुज़र रहे हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र की चर्चा करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि मरीज़ों को आयुष्मान भारत व हिमकेयर जैसी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलना बंद हो गया है।

**शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला ज़िले में जुब्बल उपमण्डल की भोलाड़ पंचायत में 8 करोड़ 60 लाख रूपए से बनने वाली सड़क का भूमि पूजन किया। एक जनसभा में उन्होंने कहा कि हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य में सड़कों का निर्माण एक ज़रूरी और महत्वपूर्ण कार्य है। रोहित ठाकुर ने कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के चलते सड़क निर्माण से ही गांव–गांव तक विकास कार्य पूरे किए जा सकते हैं। उन्होंने क्षेत्र में निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण और 3 लाख रूपए से निर्मित एक जिम का उद्घाटन भी किया।

**मौसम**

प्रदेश में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय होने जा रहा है। मौसम विभाग ने कल 10 और 11 अगस्त के लिए प्रदेश के कई जिलों में भारी से बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के निदेशक शोभित कटियार ने बताया कि भारी बारिश के चलते नदी नालों का जलस्तर तेजी से बढ़ सकता है, जिसे देखते हुए लोगों को नदी नालों से दूर रहने की सलाह दी गई है।

**मण्डी–प्राकृतिक खेती**

मण्डी ज़िला प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में अग्रणी बनकर उभर रहा है। राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत जिले में व्यापक कार्य योजना तैयार की गई है। ज़िले में 48 हज़ार से अधिक किसान प्राकृतिक खेती से जुड़े हैं और 8 हज़ार 4 सौ हैक्टेयर भूमि प्राकृतिक खेती के तहत लाई गई है।